पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राजभवन में 'अर्थ आवर' मनाया गया</u>
<u>रात्रि 8.30 बजे से 9.30 बजे तक बंद रही बिजली</u>

लखनऊः 24 मार्च, 2018

राजभवन लखनऊ में आज ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से मनाये जाने वाले ''अर्थ-आवर'' मनाया गया। इस अवसर पर रात्रि 8.30 से 9.30 बजे तक एक घंटा गैर जरूरी बिजली का उपयोग नहीं किया गया। राजभवन लखनऊ गत कई वर्षों से 'अर्थ-आवर' में वल्ड वाइल्डलाइफ फाउण्डेशन द्वारा के ऊर्जा बचत तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार अभियान में सहयोग करता रहा है।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा कि अर्थ-आवर अभियान में सहयोग कर राजभवन ऊर्जा संरक्षण हेतु सबको प्रेरित करने का कार्य कर सकता है। हमें अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर कल का निर्माण करना है। इस दृष्टि से ऊर्जा एवं अपने प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में सोच समझकर कार्य करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि जैसे बूंद-बूंद से सागर भरता है उसी तरह यदि सामूहिक तौर पर ऊर्जा की बचत की जाये तो भी कुछ समय की बचत से ऊर्जा की अच्छी बचत हो सकती है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा भी एक अच्छा विकल्प है।

उल्लेखनीय है कि 'अर्थ-आवर' जागरूकता अभियान डब्लू0डब्लू0एफ0 द्वारा ऊर्जा संरक्षण हेतु सिडनी में शुरू किया गया था, जिसमें भारी संख्या में दुनिया के नागरिकों ने अपनी रूचि दिखाई। यह अभियान आज भारत सहित विश्व के अनेक देशों में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। 'अर्थ-आवर' हर वर्ष मार्च माह के अंतिम शनिवार को आयोजित किया जाता है।

अंजुम/ललित/राजभवन (118/34)